आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बाजार पर कुछ कंपनियों के एकाधिकार को लेकर जताई गई चिंताओं का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह चिंता केवल आलोचना न होकर एक बड़े और आवश्यक परिवर्तन की मांग है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा हमेशा सभी नागरिकों को समान अवसर उपलब्ध करवाने, संसाधनों का समुचित वितरण सुनिश्चित करने और देश की आर्थिक संरचना में जनहित को सर्वोपरि रखने की रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इस गंभीर मुद्दे को स्पष्ट और साहसिक रूप में देश के समक्ष रखा है जोकि हर नागरिक की चिंता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि बाजार में यदि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी तो कीमतें भी नियंत्रित रहेंगी और उपभोक्ताओं को भी बेहतर सेवाएं और उत्पाद मिलेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में विचार करना चाहिए।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष अभियान के चौथे संस्करण की सराहना की है। विशेष अभियान के परिणामस्वरूप सरकारी खजाने को वर्ष 2021 के बाद से कचरा बेचने से दो हजार 3 सौ 64 करोड़ रूपए के राजस्व समेत महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री ने एक पोस्ट में कहा कि अभियान की सफलता दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं और स्वच्छता सहित आर्थिक लाभ को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुशल प्रबंधन और सक्रिय प्रयासों के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं।

भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने झूठ बोलने के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के चुनावों में मुख्यमंत्री ने जोर–शोर यह घोषणा की है कि सरकार ने हिमाचल प्रदेश की 18 साल से उपर की बहन–बेटियों को 15 सौ रुपये मासिक की आर्थिक सहायता दे दी है लेकिन सच्चाई यह है कि 2 साल बीतने के बाद भी इस घोषणा को पूरा नहीं किया गया है। राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश सरकार नौकरियां देने की बात भी कर रही है जबकि 2 वर्षों से प्रदेश के बेरोजगार त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार 28 हजार करोड़ रुपये का कर्ज ले चुकी है और रोजगार व विकास के नाम पर जनता को कोई राहत नहीं मिली है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला जिला में जुब्बल क्षेत्र के शुराचली में आज करीब 4 करोड़ रुपए की तीन महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं के उद्घाटन किए। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं स्थानीय कृषि व बागवानी के लिए सहायक सिद्ध होंगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि पब्बर नदी से आने वाले समय में एक बड़ी उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे जुब्बल और कोटखाई की 28 पंचायतों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को मई 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

लवी मेला

शिमला ज़िले के रामपुर में अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला कल 11 नवम्बर से शुरू होने जा रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मेले का शुभारम्भ करेंगे। मेले के दौरान सांस्कृतिक संध्याएं, खेलकूद प्रतियोगिताएं और विभिन्न विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू 14 नवम्बर को लवी मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और स्थानीय विधायक नंदलाल भी मौजूद रहेंगे। प्रशासन ने लवी मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

निधन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रसिद्ध वादक मुसाफिर राम भारद्वाज के निधन पर दु:ख जताया है। मुसाफिर राम भारद्वाज चंबा जिला में भरमौर उपमंडल के संचूई गांव के निवासी थे और उन्हें वर्ष 2014 में भारत के नागरिक पुरस्कारों में चौथे सर्वोच्च पुरस्कार पद्‌मश्री से सम्मानित गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुसाफिर राम भारद्वाज पारंपरिक वाद्य यंत्र 'पौण माता' में पारंगत थे। उन्होंने कहा कि कला विशेषकर पारंपरिक संगीत और प्रदेश की संस्कृति में उनके योगदान को याद रखा जाएगा।

खरीफ फसल

देश में बड़े पैमाने पर खरीफ फसलों की खरीद सुचारू रूप से जारी है। केन्द्र सरकार ने वर्तमान विपणन सत्र में शुक्रवार तक एक सौ 20 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की है। धान खरीद से पंजाब में 6 लाख 58 हज़ार किसानों को लाभ मिला है। उन्हें 27 हज़ार 9 सौ 95 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी का भुगतान किया गया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि ग्रेड 'ए' धान को तय एम.एस.पी. दो हजार 3 सौ 20 रुपये प्रति क्विंटल पर ही खरीदा जा रहा है। पंजाब सरकार ने 4 हज़ार 7 सौ 43 मिलों को धान की छिलाई का काम आवंटित किया है, जिसके लिए कुल चार हज़ार 8 सौ 39 धान मिलों ने आवेदन किया है। केंद्र सरकार ने चालू खरीफ सीजन के लिए धान खरीद का अनुमानित लक्ष्य एक सौ 85 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है।

नमस्कार।

————————————